दोस्त वो होता है जो आपको आप जैसे हैं वैसा होने की पूरी आजादी देता है

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-271 ● कटनी ● रविवार,7 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक शुक्ल पक्ष -3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## इंडिया कर रहा दुआ, आज जीत जाए अफगानिस्तान

**दुबई।** हर टी-20 क्रिकेट विश्व कप में रविवार को दोपहर 3.30 बजे अफगानिस्तान का मुकाबला न्यूजीलैंड से है। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के अलावा पूरे भारत की नजर इस मुकाबले पर है। हर भारतीय यह दुआ कर रहा है कि आज अफगानिस्तान जीत जाए। ऐसा होता है तो सोमवार को होने वाले मुकाबले में नामीबिया को बड़े अंतराल से हराकर विराट कोहली की टीम वर्ल्ड कप 2021 के सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। यदि न्यूजीलैंड की जीत होता है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और भारत बाहर हो जाएगा। यानी आज न्यूजीलैंड की जीत के बाद नामीबिया के खिलाफ मुकाबला



महज औपचारिकता रह जाएगा। बता दें, पाकिस्तान पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुका हैं। वहीं दूसरे ग्रुप से ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

### सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त चर्चा


भारत में अफगानिस्तान की जीत की दुआ हो रही है और यहीं मुद्दा सोशल मीडिया पर भी छाया है। फैन्स तरह-तरह के मैसेज और मीम्स बनाकर अपनी भावनाओं का इजहार कर रहे हैं। कई यूजर्स ने हिंदी फिल्मों की तस्वीरों और गानों का इस्तेमाल इस बात को दर्शाने के लिए किया कि भारतीयों ने अफगानिस्तान से मैच जीतकर क्या उम्मीदें लगाई हैं।सुख, संपन्नता और सौभाग्य लेकर आए।

## आर्यन का हुआ था किडनैप?



**मुंबई।** ड्रग्स केस में एनसीपी नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक लगभग रोज नए खुलासे कर रहे हैं। नवाब मलिक ने अपने ताजा बयान में कहा है कि जिस क्रूज पर ड्रग्स पार्टी होने की बात रही जा रही है, उसका टिकट शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने नहीं खरीदा था। बकौल नवाब मलिक यह आर्यन खान को किडनैप करने और फिर शाहरुख खान से 25 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने का मामला है, जिसमें एनसीबी के तत्कालीन जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े भी शामिल हैं। वहीं समीर वानखेड़े की ओर से आरोपों से इन्कार किया गया है। साथ ही समीर वानखेड़े के पिता ने नवाब मलिकके खिलाफ मानहानि का केस भी कर दिया है। नवाब मलिक ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि प्रतीक गाबा और आमिर फर्नीचरवाला ही आर्यन खान को वहां लाए थे। मोहित कंबोज के साथ मिलकर समीर वानखेड़े ने फिरौती मांगने का प्लान बनाया था।

### फटाफट खबरें




## दो दिन में बदल जाएगा गूगल में लॉगिन करने का तरीका

**नई दिल्ली।** आज के समय में ऐसे बहुत कम ही लोग मिलेंगे, जो गूगल अकाउंट का इस्तेमाल नहीं करते होंगे। स्मार्टफोन के इस जमाने में यह उपयोगी भी हो गया है। अगर आप गूगल अकाउंट का उपयोग करते हैं तो यह खबर आपके बहुत काम की है। दरअसल, नौ नवंबर से गूगल अकाउंट में लॉगिन करने का तरीका बदल रहा है। अब आप उस तरीके से लॉगिन नहीं कर पाएंगे, जैसे अभी तक करते आ रहे हैं। अब आपको गूगल अकाउंट में लॉगिन करने के लिए टू स्टेप वैरिफिकेशन को ऑन करना होगा। अगर कोई ऐसा नहीं करता है तो उसे गूगल अकाउंट में लॉगिन करने की इजाजत नहीं होगी। कंपनी ने पिछले महीने ही इसके बारे में जानकारी दी थी और कहा था कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टू स्टेप वैरिफिकेशन को अनिवार्य रूप से लागू करना बहुत जरूरी है।

## बहन को पैसे नहीं दे पाया तो बेरोजगार फांसी पर झूला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बागसेवनिया थाना क्षेत्र में एक बेरोजगार युवक ने दीपावली के दिन फांसी पर झूल कर आत्महत्या कर ली। उसमें सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें बेरोजगारी और आर्थिक परेशानी के बारे में स्पष्ट किया है। युवक सागर जिले के बीना शहर का रहने वाला है और भोपाल में शॉपिंग के लिए आया था, लेकिन शायद दीपावली की शॉपिंग के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। भोपाल के बागसेवनिया थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर टिंकल यादव ने बताया कि बीना का रहने वाला अंकुश तिवारी पुत्र सीताराम तिवारी उम्र 23 साल, प्राइवेट जॉब करता था।

## चचेरे भाई ने किया नाबालिग बहन को गर्भवती

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण के खेड़ापा थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका के मां बनने के मामले में खुलासा हुआ है।बालिका के चचेरे भाई द्वारा ही उसे गर्भवती बनाने की बात सामने आई है। आरोपी चचेरा भाई खुद नाबालिग है, जिसकी अब पुलिस को तलाश है। इधर बालिका ने जोधपुर के उम्मेद अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है, जिसके बाद ये मामला सामने आया था। घर परिवार के सदस्य सामाजिक लोक लाज के चलते कुछ भी बताने से कतरा रहे थे, जिसके बाद की गई काउंसलिंग में रिश्तेदार द्वारा ही यह गलत काम करने की बात उजागर हुई।




## अमेरिकी फर्म का सर्वे : पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बाइडन और जॉनसन को छोड़ा पीछे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के तौर पर अपना दूसरा कार्यकाल पूरा कर रहे नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में जरा सी भी कमी नहीं आई है। बल्कि वैश्विक नेता के तौर पर उनकी लोकप्रियता बढ़ती ही जा रही है। अमेरिकी डेटा इंटेलिजेंस फर्म द मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे में दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रूवल रेटिंग मे दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के राष्ट्राध्यक्ष जो बाइडन को भी पीछे छोड़ दिया है। मोदी की अप्रूवल रेटिंग 70 प्रतिशत है और वह दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता चुने गए हैं।

### दुनिया के 13 राष्ट्राध्यक्षों को छोड़ा पीछे

पांच नंवबर को जारी किए गए इस डेटा के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के 13 राष्ट्राध्यक्षों को लोकप्रियता के मामले में पीछे छोड़ दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन, मैक्सिकन राष्ट्रपति आंद्रे मैनुएल, इटली के मारियो द्राघी, जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल भी पीएम मोदी के लोकप्रियता के ग्राफ से काफी पीछे हैं। सर्वे में सामने आया है कि पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। तो वहीं मैक्सिकन राष्ट्रपति आंद्रे मैनुएल दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस लिस्ट में छठे स्थान पर हैं, उन्हें एक पायदान का नुकसान हुआ है। वहीं ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन 10 वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आडवाणी, जोशी वर्चुअल शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जारी है। दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर पर आयोजित हो रही बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं। इस बैठक में पांच राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के अलावा संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की संभावना है। बैठक में केंद्रीय मंत्रियों के अलावा राज्यों के मुख्यमंत्री और नेता शामिल हो रहे हैं।



### आडवाणी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से हिस्सा लिया

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लिया। दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान 100 करोड़ कोविड 19 टीकाकरण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों ने माला पहनाकर पीएम मोदी को सम्मानित किया।

### कोरोना प्रोटोकॉल के कारण केवल 124 सदस्य शामिल

कोरोना प्रोटोकॉल के कारण इस बैठक में कन्वेंशन सेंटर में कार्यकारिणी के 124 सदस्य मौजूद हैं। इनमें प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा सभी केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा में पार्टी के नेता पीयूष गोयल और कार्यसमिति के अन्य सदस्य शामिल हैं।

### संबोधित करेंगे पीएम मोदी

बैठक का समापन दोपहर बाद प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन से होगा। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी वर्चुअल रूप से शामिल हुए। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी नेताओं को संबोधित किया।



## बंदी की मौत के बाद भड़के कैदियों ने लगाई आग

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में फतेहगढ़ स्थित जिला जेल में एक बंदी की मौत पर साथी भड़क गए। गुस्साए बंदियों ने पथराव कर जेल में आग लगा दी। सूचना मिलते ही जेल और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। बंदियों ने जेलर और अन्य पुलिसकर्मियों पर भी हमला कर दिया। हमले में 30 पुलिसकर्मी घायल होने की खबर है। वहीं, कई बंदी भी घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, मेरापुर थाना क्षेत्र निवासी संदीप हत्या के मामले में जिला जेल में बंद था। हालत बिगड़ने पर उसे सैफई रेफर किया गया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर बंदियों ने हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंचे जेलर और अन्य पुलिसकर्मियों पर भी बंदियों ने हमला कर दिया। बंदियों ने डिप्टी जेलर शैलेश कुमार सोनकर पर हमला कर दिया था। उनके साथ जमकर मारपीट की। जेल से तीन गोलियां चलने की आवाज आई। सूचना पर सीओ सिटी प्रदीप सिंह व फतेहगढ़ कोतवाल जयप्रकाश पाल कुछ सिपाहियों के साथ वहां पहुंचे। करीब 30 मिनट से लगातार अलार्म बजता रहा है।

## देशमुख को झटका :12 नवंबर तक भेजा ईडी की हिरासत में



**मुंबई।** वसूली मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को रविवार को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दरअसल, अदालत ने देशमुख को न्यायिक हिरासत में भेजने के विशेष अदालत के आदेश को रद्द करते हुए 12 नवंबर तक के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि शनिवार को पीएमएलए विशेष अदालत ने देशमुख की ईडी की हिरासत और बढ़ाने से इनकार कर दिया था और 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। लेकिन अब हाईकोर्ट के फैसले से देशमुख को निराशा हाथ लगी है।

## इटली की फर्म लियोनार्डो से हटाया प्रतिबंध

### 3600 करोड़ के हेलीकॉप्टर घोटाले में लगाई गई थी रोक

**नई दिल्ली।** 3600 करोड़ के वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले में प्रतिबंध झेल रही इटैलियन फर्म लियोनार्डो से केंद्र सरकार ने प्रतिबंध हटाने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, केंद्र सरकार ने यह फैसला कुछ शर्तों के साथ किया है। इसके तहत इटली की फर्म पर केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय की जांच चलती रहेगी। साथ ही कंपनी को समझौता नए सिरे से करना होगा, वह पूर्व में हुए वित्तीय समझौते पर दावा नहीं कर पाएगी। यह प्रतिबंध



अगस्ता वेस्टलैंड से संबंधित है। अगस्ता वेस्टलैंड मामले में भ्रष्टाचार का मामला सामने आने के बाद इटैलियन फर्म के साथ किसी भी प्रकार की डील पर रोक लगा दी गई थी। इसमें ब्लैक टॉरपीडो की डील भी शामिल थी, जिसे नौसेना द्वारा अधिग्रहण की मंजूरी मिल गई थी। सूत्रों के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय ने इंटली की फर्म के अनुरोध, कानून मंत्रालय व अन्य एजेंसियों के साथ परामर्श के बाद यह प्रतिबंध हटाने का फैसला लिया गया है।

## चेन्नई में बाढ़ की चेतावनी



**चेन्नई** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई और उपनगरीय इलाकों में रात भर भारी बारिश होने से जगह-जगह जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जलजमाव के कारण यातायात सेवा भी प्रभावित हुई हैं। इस बीच चेन्नई के दो जलाशयों से पानी छोड़े जाने की तैयारी के बीच अधिकारियों ने रविवार को लोगों को बाढ़ की चेतावनी जारी की। शुरुआती बाढ़ की चेतावनी जारी करते हुए राज्य जल संसाधन अधिकारियों ने कांचीपुरम और तिरुवल्लूर के जिलाधिकारियों को निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की सलाह दी है।

## सीएम शिवराज सपत्नीक बुधनी के टॉय फेस्टिवल पहुंचे, दिखाई रुचि

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ बुधनी टॉय फेस्टिवल में पहुंचे। जिन खिलौनों से खेल कर मुख्यमंत्री बड़े हुए हैं, उनके निर्माताओं से बातचीत की और आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश सरकार उनके साथ है। उल्लेखनीय है कि बुधनी में लकड़ी के खिलौने बनाए जाते हैं। यह एक विशेष प्रकार की कारीगरी है, जो दुनिया भर में प्रसिद्ध है। सीएम श्री चौहान ने स्व-सहायता समूह के स्टॉल पर पहुंचकर उनके द्वारा निर्मित उत्पादों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं एवं इसी विधानसभा क्षेत्र में जैत गांव उनका जन्म स्थान




एवं पैतृक गांव हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने जीवन की पहली आम सभा बुधनी में नमक की बोरियों पर खड़े होकर संबोधित की थी। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बचपन से मैं बुधनी के खिलौनों को देख रहा हूं। यहां के वॉकर पर बेटे कार्तिक भी चले हैं। ये बुधनी की पहचान है। मेरे मन में ये भाव पैदा हुआ कि बुधनी के इस खिलौनों को पूरे भारत में फेमस कर दिया जाए और वर्ल्ड फेम बनाने की कोशिश की जाए।

## दरोगा की बीयर पार्टी में बार बालाओं की पिटाई

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद के मसूरी थाना की डासना चौकी पर तैनात दरोगा जितेंद्र कुमार गौतम ने दिवाली की रात दोस्त कुलदीप शर्मा के फ्लैट पर डांस पार्टी कराई। इसमें बीयर और मुर्गे चले। बार बालाओं को नचाया गया। उनसे कई तरह की फरमाइश की गईं। फरमाइश पूरी न होने पर उन्हें पीटा गया। इसकी शिकायत मिलने पर शनिवार को पुलिस ने दरोगा और उसके चार दोस्तों पर केस दर्ज कर लिया। दरोगा को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे कोर्ट से जमानत मिल गई। एसएसपी ने प्रारंभिक जांच के आधार पर उसे निलंबित कर दिया है। उसके दोस्तों की तलाश है।

## मैहर के रोपवे ने फिर दिया दगा लंबे समय के लिए हुआ बंद

**मैहर।** आप मैहर की मां शारदा के दर्शन करने जा रहे हैं और रोपवे से पर्वत पर चढ़ने का मूढ़ बना रहे हैं तो कुछ दिनों के लिए रुक जाइये। क्योंकि मैहर में मां शारदा के दर्शन करने के लिए त्रिकूट पर्वत पर जाने वाला रोपवे एक बार फिर दगा दे गया है। अबकी बार रोपवे में बड़ी खराबी आने से वह लंबे समय के लिए बंद हो गया है। इससे मां शारदा का दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं को समस्या उठानी पड़ सकती है। उन्हें या तो सीढी से या फिर वैन के माध्यम से मंदिर तक पहुंचना पड़ेगा। शनिवार को रोपवे की



मोटर में आई खराबी के कारण रोपवे चलते-चलते रुक गया था जिसके कारण कई यात्री रोपवे में फंस गए थे। जिन्हें पुलिस और प्रशासन की सहायता से उतारा गया था। इससे न केवल रोपवे प्रबंधन बल्कि मंदिर समिति, प्रशासन और पुलिस विभाग को भी फजीहत झेलनी पड़ी थी। अब जब तक रोपवे की मोटर ठीक नहीं हो जाती या बदली नहीं जाती तब तक रोपवे बंद रहेगा। मैहर एसडीएम धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा दामोदर रोपवे कंपनी के प्रबंधक जांच के निर्देश और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश सहित नोटिस थमाया गया है।



## सोनिया गांधी से मिले कमल नाथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने शनिवार सुबह कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से दिल्ली में मुलाकात की। नाथ ने इस दौरान प्रदेश में हाल ही में संपन्न् उपचुनाव व उसके परिणामों की जानकारी दी। साथ ही संगठन से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की। कांग्रेस की ओर से जारी आधिकारिक जानकारी में बताया गया कि दोनों नेताओं ने किसान आंदोलन,कृषि कानूनों से खाद संकट बढ़ती महंगाई जैसे मामलों पर भी विमर्श किया।

## नहाय खाय से शुरू होगा छठ पर्व, उत्तर भारतीय उत्साहित

**धर्म डेस्क ।** कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को छठ मनाया जाता है। यह उपवास महिलाएं और पुरुष दोनों रखते हैं। यह व्रत बेहद कठिन होता है। इसमें 24 घंटे से अधिक समय तक कुछ भी खाया पीया नहीं जाता है। इस साल महापर्व छठ 8 नवंबर को नहाय-खाय से शुरू होगा। 9 नवंबर को खरना के बाद निर्जला व्रत शुरू होगा। अगले दिन छठ का पहला अर्घ्य संध्या में दिया जाएगा। इसके बाद 11 नवंबर को सूर्योदय के समय जल देकर उपवास का पारण किया जाएगा।

### नहाय-खाय का महत्व

कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि



को छठ का पहला दिन होता है। इस दिन जल्दी उठकर घर की साफ-सफाई करनी चाहिए। फिर स्नान करने के बाद छठ पर्व का आरंभ होता है। नहाय खाय के दिन चने की दाल, कद्दू की सब्जी और चावल खाया जाता है। कई जगहों पर इस दिन को कद्दू भात वाला दिवस भी कहा जाता है।

### खरना का महत्व

कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को छठ व्रत का दूसरा दिन मनाया जाता है। इस दिवस को खरना कहते हैं। इस दिन भक्त निर्जला व्रत रखते हैं। खरना में मिट्टी के चूल्हे पर चावल, दूध और गुड़ की खीर बनाई जाती है। शाम के समय सूर्य देव को भोग लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण किया जाता है। फिर निर्जला व्रत आरंभ होता है।

### षष्ठी तिथि संध्या अर्घ्य

छठ पर्व का तीसरा दिन षष्ठी तिथि होता है। इस दिन निर्जला उपवास रखा जाता है। शाम के समय तालाब या नदी में जाकर कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

### सप्तमी तिथि सूर्योदय अर्घ्य

सप्तमी में व्रती फिर उगते सूरज को अर्घ्य देते हैं। धूप-दीप के बाद प्रसाद ग्रहण करके पारण के साथ छठ पर्व का समापन होता है।

# रोशनी से जगमगाया शहर, देर रात तक आतिशबाजी

## शुभ मुहूर्त में हुआ लक्ष्मी-गणेश का पूजन, बच्चों में दिखा अधिक उत्साह






**कटनी।** कोरोना संक्रमण से उबरने के बाद आर्थिक मंदी के बावजूद लोगों ने इस बार दीपावली का पर्व दुगने उत्साह के साथ मनाया। पिछले कुछ सालों की अपेक्षा इस बार दीवाली पर लोगों में कहीं अधिक उत्साह और उमंग देखा गया। खासकर बच्चों ने खूब इंजॉय किया और जमकर आतिशबाजी की। शहर के साथ ही पूरे जिले में प्रकाश पर्व दीपावली धूमधाम से मनाया गया। पूरा शहर रोशनी से जगमगाता रहा। दिन भर तैयारियां करने के बाद शाम को शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की भी पूजा अर्चना की गई। रंग-बिरंगे बल्बों की रोशनी के साथ ही लोगों ने मिट्टी के दीए और मोमबत्तियां भी जलाई। घर-आंगन को रंगोली से सजाया गया। घर में पूजा अर्चना करने के बाद मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की गई। घरों और प्रतिष्ठानों में धन की देवी मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए उनका विधिवत पूजन किया गया। सूरज ढलते ही चारों ओर आकर्षक झालर टिमटिमाने लगीं। सड़क और घरों के ऊपर जल रहे दीपक और मोमबत्ती की आकर्षक छटा देखकर धरती पर स्वर्ग की अनुभूति हो रही थी। बच्चे और युवाओं ने दीपावली पर जमकर आतिशबाजी चलाई। इस बार दीपोत्सव की खुशियों का उत्साह लोगों के चेहरे पर देखते ही बन रहा था। दिन भर वे उत्साह से पर्व मनाने के लिए आतिशबाजी, खिलौने, मिष्ठान, पूजा के कलेंडर आदि सामान की बाजारों से खरीददारी करते नजर आये। जिससे बाजारों में गहमा-गहमी बनी रही। पर्व को लेकर बच्चों में उत्साह की कोई सीमा नहीं थी। वे गली मुहल्लों में दिनभर आतिशबाजी के धूम धड़ाके करते नजर आये। शाम होते ही बच्चे, बूढ़े और जवान ही नहीं महिलाएं भी सजधज कर आकर्षक परिधानों में तैयार हुई और विघ्न विनाशक भगवान श्रीगणेश और धन सम्पदा की देवी माता लक्ष्मी को मनाने में जुट गये। घरों एवं प्रतिष्ठानों से आरती उतारने की स्वर लहरियां सुनाई देने लगीं। सभी माता लक्ष्मी को अपने घर, प्रतिष्ठानों में बुलाने को आतुर दिखाई दिये। उनके द्वारा मिष्ठान का भोग लगाकर माता लक्ष्मी को मनाया गया। उसके बाद आतिशबाजी चलाकर खुशियां मनाने का दौर शुरू हो गया। लोगों ने देर रात तक जमकर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया। युवाओं की पसंद तेज आवाज वाले एटम बम रहे। महिलाएं और युवतियां रोशनी अनार चलाकर खुशी मनाते नजर आये। बच्चों ने फुलझड़ी चलाकर दीपावली के उत्साह का आनन्द लिया। देर रात तक धूम-धड़ाके की आवाज वातावरण को गुंजायमान करती रही। आधुनिक आतिशबाजी से सतरंगी नजारे दीपावली की खुशियों में चार चांद लगा रहे थे। पर्व मनाने के लिए लोगों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को भी आकर्षक ढंग से सजा रखा था। तरह-तरह की रोशनियों से जगमगाते भवनों की भव्यता देखते ही बन रही थी। राह निकलते लोगों की नजर बरबस ही उनकी ओर उठ जाती और वे सजावट की तारीफ किए बिना न रह पाते।

### दूसरे दिन परीबा पर पिकनिक

दीपावली के दूसरे दिन परीबा पर लोगों ने पिकनिक स्पॉट पर जाकर खूब इंजॉय किया। सुबह से ही लोग कटाएघाट, जागृति पार्क, विश्राम बाबा, सुरखी टेंक और आसपास के रमणीय स्थलों पर जाते दिखे। बच्चों ने इस दौरान खूब मस्ती की।

### भाईदूज पर बहनों ने भाईयों को लगाया टीका

परीबा के दूसरे दिन भाईदूज पर बहनों ने भाईयों की आरती उतारकर टीका लगाया और मिठाई खिलाकर इस परंपरा का निर्वहन किया। भाईयों ने भी बहनों को उपहार दिए। भाईदूज पर्व पर झिंझरी स्थित जिला जेल में सुबह से ही बहनें अपने भाईयों को टीका लगाने के लिए पहुंची थी। यहां जेल प्रबंधन द्वारा आवश्यक इंतजाम किए थे।

# सैकड़ों दीपों की रोशनी से रोशन हुआ कटाएघाट

## श्रीराम सेवा समिति द्वारा श्रीराम यज्ञ दीपदान, गंगा आरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**कटनी।** श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली पर्व पर परीबा के दिन 5 नवम्बर को कटायेघाट श्रीराममंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः 10.30 बजे सर्वप्रथम श्री हनुमत पूजन फिर हनुमान जी की अखंड ज्योत वर्तिका परिवर्तन मंगल कामना पूर्ति श्रीराम यज्ञ के बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सायं को कटायेघाट नदी में भजनों की मधुर ध्वनि के बाद श्रीगंगा आरती एवं दीपदान का आयोजन किया गया। दीपदान से कटायेघाट नदी रोशनी से जगमगा गई। दीपदान के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई। कटायेघाट में दीपदान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से श्रीरामसेवा समिति के श्रीराम यज्ञ दीपदान में सुबह से लेकर रात तक कटायेघाट मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन अर्चन किया तथा रात तक मेला जैसा वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में श्रीरामसेवा समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, संयोजक मिट्ठूजैन, सचिव विक्रम खम्परिया, राजू रजक, रामेश्वर शर्मा, राजू मखीजा, ललित सोनी, संचित जैन, हितेंद्र स्वर्णकार, हेतराम बर्मन, रमाकांत पप्पू दीक्षित, सुनील जैन, संजय नाकरा, सतीश बजाज, सुदर्शन सराफ, संतोष सेन, रामहित सोनी, मनोज निगम, संजय गुप्ता, राजेश गुप्ता, राजेश रावत, विकास कनौजिया, विवेक अग्रवाल, रामेश्वर शर्मा, वेंकटेश गौड़, राजू रजक, भवानी तिवारी, हेतराम बर्मन, रामहित सोनी, रजनीश गौतम, वीरेंद्र सिंह, नित्यानंद पाठक, संतोष सेन एवं अन्य श्रोतागण उपस्थित रहे।

## आन बान शान के लिए, वो सैनिक हैं साहब, मर जाते हैं हिन्दुस्तान के लिए



श्रीराम सेवा समिति द्वारा आयोजित दीपदान महोत्सव के पश्चात कवि सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे प्रतिष्ठित कवियों ने काव्य पाठ किया। शुरुआत में मां शारदे को माल्यार्पण करके कवयित्री रागिनी मित्तल द्वारा मां शारदे की आराधना सरस्वती वंदना की गई। तदुपरांत शहर के उभरते ओज के प्रखर कवि प्रियांशु तिवारी ने अपनी पंक्तियों से लोगों का ध्यान देश की बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी पे सरकार पे कटाक्ष करती हुई पंक्तियां पढ़कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। गजलकार राजेश श्रीवास्तव प्रखर ने अपनी गजलों से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कवियित्री रागिनी मित्तल ने श्रृंगार रस एवं देश के वीरों की पीढ़ा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे श्रृंगार के उभरते नये सितारे नित्यानन्द पाठक ने श्रृंगार रस में अपनी बात कही, साथ ही पढ़ा की जीते हैं आन बान शान के लिए वो सैनिक है साहब मर जाते हैं हिन्दुस्तान के लिए, इसी श्रृंखला में वरिष्ठ कवि जय नारायण सोनी अंबर ने भी अपने चुटीले मुक्तकों से लोगों का मन मोहित किया। वरिष्ठ गजलकार चंद्र किशोर चंदन ने अपने चिर परिचित अंदाज में श्रृंगार की गजलों से लोगों को प्रफुल्लित किया।




# सेंड स्टोन को दिलाई पहचान

**नगर के राजू खरे ने छोटे स्तर पर शुरू किया था पत्थर का कारोबार, आज देश-विदेश में करते हैं सप्लाई**

**कटनी।** एक जिला एक उत्पाद के तहत जिले के लिये सेंड स्टोन और मार्बल को शामिल किया गया है। जिले में उपलब्ध मार्बल और सेंड स्टोन को सम्पूर्ण देश में अलग पहचान दिलाने शासन-प्रशासन स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कटनी जिले में पाये जाने वाले सेंड स्टोन की डिमाण्ड जिले के साथ ही प्रदेश और देश में है। इसका उपयोग विभिन्न कलाकृतियों के निर्माण के साथ ही आकर्षक निर्माण के लिये काफी पसंद किया जाता है। सेंड स्टोन और मार्बल की कलाकृतियों के निर्माण को प्रोत्साहित करनके उद्देश्य से ही जिले में आगामी 9 नवम्बर से 28 नवम्बर तक आधारशिला स्टोन आर्ट फेस्टिवल का आयोजन भी जिला पुरातत्व एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश व देश के नामचीन शिल्पकार अपनी सहभागिता कर रहे हैं। रेत का कारोबार बंद करने के बाद नगर के राजू खरे ने छोटे स्तर पर जिले के सेंड स्टोन का कारोबार शुरू किया था। राजस्थान में एक कारोबारी के यहां कुछ कारीगरों से संपर्क हुआ और उसके बाद उनका कारोबार शुरू हुआ तो आज पूरे हिन्दुस्तान के साथ विदेशों तक राजू पत्थर की सामग्री सप्लाई कर रहे हैं। राजू ने जहां जिले के सेंड स्टोन को पहचान दिलाई तो आज उनकी पहचान भी जिले का सेंड स्टोन ही है। देश के बड़े.बड़े शहरों के चौराहों से लेकर रिलाइंस के मुंबई आफिस तक और विदेशों तक वे स्टोन टाइल्सए स्टैच्यू, आर्च, जालियां, पिलर आदि सप्लाई कर रहे हैं। राजू खरे वर्ष 2005 से पहले तक रेत का कारोबार करते थे। रेत के कारोबार से मन हटा तो उन्होंने बड़वारा में एक छोटी सी मशीन लेकर पत्थर का कारोबार शुरू किया। लगभग 5 लाख रूपये की लागत से शुरू किए गए काम में शुरूआती दौर में कुछ खास फायदा नहीं हुआ। इस बीच उन्होंने नागपुरए कोटाए जयपुरए उदयपुर में कारोबारियों से संपर्क साधा लेकिन सफलता नहीं मिली। छह माह बाद चंडीगढ़ के सेक्टर 45 में बन रही ज्यूडिशियल एकेडमी में दिल्ली के सप्लायर के माध्यम से लगभग 80 हजार फीट पत्थर सप्लाई करने का आर्डर मिला। उसके बाद नागपुर में टुली ग्रुप को कुछ पत्थर सप्लाई किया।

### पत्थर के कलर के विवाद से मिली दिशा

व्यवसायी राजू खरे ने बताया कि उन्होंने उसी दौरान जयपुर में पत्थर के कुछ ब्लाक सप्लाई किए थे। जिसमें संबंधित व्यक्ति से कलर को लेकर कुछ विवाद हुआ। खरे उनसे मिलने जयपुर पहुंचे तो पाया कि जिले के पत्थर से जयपुर के कारीगर जालियांए पिलरए स्टैच्यू आदि तैयार कर रहे हैं। उन्हें कारीगरों से मिलने नहीं दिया गया लेकिन धीरे से वे अपना कार्ड कारीगरों को दे आए। जिसमें से कुछ कारीगरों ने उनसे संपर्क किया और वे कटनी मिलने आए। जयपुर से आए कारीगरों के माध्यम से खरे ने काम प्रारंभ किया तो पूर्व मंत्री सत्येन्द्र पाठक ने संपर्क किया और बांधवगढ़ में बन रहे रिसोर्ट का कुछ काम कराया। उसके बाद विधायक संजय पाठक के माध्यम से ही उनकी मुलाकात तत्कालीन कलेक्टर एमण् सेल्वेन्द्रन से हुई। कलेक्टर श्री सेल्वेन्द्रन ने उन्हें कलेक्ट्रेट के नवीन भवन के सामने पहाड़ी पर जिले के सेंड स्टोन से ही गार्डन बनाने का काम दिया और उसके बाद से काम निकल पड़ा।

### गार्डन की खूबसूरती देख मिलने शुरू हुए काम

व्यवसायी राजू खरे ने बताया कि कटनी कलेक्ट्रेट के गार्डन में सेंड स्टोन से कराए गए काम की खूबसूरती देखकर उन्हें सरकारी काम मिलना प्रारंभ हो गए। उसके बाद सिंगरौली, अनूपपुर, नरसिंहपुर, भोपाल, डिंडोरी, रीवा सहित अन्य शहरों में चौराहोंए सरकारी कार्यालयों व घाटों आदि में स्टोन से बनी सामग्री लगाने का काम मिला तो दुबई, यूके, कतर सहित यूरोप के कई शहरों में भी उन्होंने कटनी के सेंड स्टोन से बने टाइल्स, कोबल्स सहित स्टैच्यू, जालियां, पिलर, आर्च, लैंप व अन्य सामग्री सप्लाई की। वर्तमान में उनके द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की पूरे हिन्दुस्तान के साथ देश.विदेश तक धूम है।

# कटनी होकर चलेगी पटना पुणे और बरौनी लोमति फेस्टीवल एक्सप्रेस ट्रेन

**कटनी।** रेल प्रशासन द्वारा छठ पर्व पर फेस्टीवल एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जा रही है। जिसमे स्पेशल गाड़ी संख्या 03381/03382 पटना-पुणे-पटना के मध्य एक-एक ट्रिप छठ पूजा फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह गाड़ी पमरे के स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 03381 पटना से पुणे स्पेशल ट्रेन एक ट्रिप के लिए 12 नवंबर को पटना स्टेशन से 10:40 बजे प्रस्थान कर सतना 20:35, मैहर 21:10 बजे, कटनी 22:05 बजे, जबलपुर 23:35 बजे, नरसिंहपुर 00:28 बजे, गाडरवारा 01:00 बजे, पिपरिया 01:40 बजे, इटारसी 03:20 बजे, भुसावल 08:35 बजे और 18:50 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 03382 पुणे से पटना फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन एक ट्रिप के लिए 14 नवंबर को पुणे स्टेशन से 05:30 बजे, भुसावल 15:25 बजे, इटारसी 20:00 बजे, पिपरिया 21:03 बजे, गाडरवारा 21:38 बजे, नरसिंहपुर 22:03 बजे, जबलपुर 23:40 बजे, कटनी 01:05 बजे, मैहर 01:53 बजे, सतना 02:20 बजे और 12:00 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 6 शयनयान श्रेणी, 8 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड़, कोपरगांव, बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड स्टेशनों पर रुकेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 05297 बरौनी से लोकमान्य तिलक टर्मिनस फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन एक ट्रिप के लिए 13 नवंबर को बरौनी स्टेशन से 16:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन तीसरे दिन भुसावल 01:25 बजे और 10:00 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 05298 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से बरौनी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन एक ट्रिप के लिए 15 नवंबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12:15 बजे, भुसावल 19:05 बजे, तथा अगले दिन और तीसरे दिन 05:00 बजे बरौनी स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 10 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 8 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, वाराणसी, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

# आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रारंभ

**कटनी।** प्राचार्य शासकीय नोडल आईटीआई के प्राचार्य रंजीत कुमार रोहितास ने बताया कि जिले की समस्त आईटीआई में सीएलसी राउंड के लिए चॉईस फीलिंग एवं नये रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 1 नवंबर से शुरू होकर 07 नवंबर तक जी सकेगी। इस दौरान त्रुटि सुधार, नवीन चॉईस फीलिंग, चॉईस फीलिंग में त्रुटि सुधार किया जा सकता है। आईटीआई में प्रवेश के लिये यह अंतिम अवसर होगा। इच्छुक आवेदक एमपी ऑनलाईन के पोर्टल से रजिस्ट्रेशन एवं चॉईस फीलिंग की प्रक्रिया निर्धारित अवधि के भीतर कर सकते हैं।



# एसडीएम ने किया सहकारी समितियों का निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के सभी एसडीएम को फर्टीलाइजर को प्राथमिकता में रखते हुए गोदामों व समितियों की जांच कर वितरण व स्टॉक की जानकारी लेने व निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम व तहसीलदार खाद भंडारण व वितरण स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं। बुधवार को एसडीएम ढीमरखेड़ा नदीमा शीरी ने तहसीलदार के साथ उमरियापान आदिम जाति सेवा सहकारी समिति और विपणन समिति उमरियापान का आकस्मिक निरीक्षण कर खाद के वितरण व स्टॉक संबंधी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# यम द्वितीया पर कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा



**कटनी।** कायस्थ समाज के प्रमुख देवता श्री चित्रगुप्त भगवान की पूजा आज श्री चित्रगुप्त मंदिर जगन्नाथ चौक में धूमधाम से की गयी। कायस्थ समाज के लोग पहले घरों में अपने ईष्ट देव के प्रमुख अस्त्र कलम.दवात की पूजा के बाद नगर के जगन्नाथ चौक स्थित भगवान चित्रगुप्त के मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में पूजा हवन. महाआरती की गई महाआरती के बाद विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आज के पूजन में यजवान श्रीमती नंदिता रणवीर कर्ण रहे। पर्व को लेकर कायस्थ जनों में सुबह से ही उत्साह का माहौल नजर आया चित्रांश बंधुओं ने भगवान चित्रगुप्त में धूप.दीप जलाकर जहां पूजा की गई वहीं मंदिर में स्थापित मूर्ति के समक्ष सार्वजनिक रूप से कलम और दवात रखकर पूजा की गई। कलम और दवात को स्नान कराने के बाद रक्षा और रोली लगाया गया। पूजा के बाद सदस्यों को प्रसाद स्वरूप कलम दिया गया और सदस्यों ने माथे लगाकर उसे जेब में रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में चित्रगुप्त कायस्थ सभा महिला समिति युवा समिति संरक्षक मंडल सहित नगर एवं उपनगर के कायस्थ बंधुओं का योगदान रहा। इस मौके बड़ी संख्या में नगर एवं उप नगरीय क्षेत्र के कायस्थ समाज के लोग उपस्थित रहे।

## नीलिमा ❤ से

### अजब जिंदगी



अजब निराली है जिंदगी तेरी रीत
फिर भी सबको है तुझसे ही प्रीत

कहीं सुगंधित पुष्प आशाओं के
कहीं सूखे पत्ते कुछ कांटे घाव के

कहीं सावन की रिमझिम फुहार
कहीं पतझड़ की मिली सौगातें

कहीं सुरमई आँखों में है ख्वाब
कहीं आँखों से उजड़ी हुई नींदें

कहीं काली अमावस की रात
कहीं चम्पई उजला निखरा सबेरा

कहीं खिलती होंठों पर मुस्कानें
कहीं बनते ज़ख्मों के दर्द भरे घरोंदे

अजब निराली है जिंदगी तेरी रीत
फिर भी सबको है तुझसे ही प्रीत!!!

- नीलिमा पाठक सामंतरे

यशभारत
# सिटी न्यूज
कटनी, रविवार, 07 नवम्बर 2021

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# कल वेक्सीनेशन अभियान, 123 केन्द्रों पर होगा टीकाकरण

## सभी केन्द्रों में ऑनस्पाट रजिस्ट्रेशन से होगा वेक्सीनेशन

**कटनी।** वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत जिले में कोविड.19 वैक्सीनेशन का कार्य सतत् रुप से जारी है। इसी क्रम में 8 नवम्बर को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 123 टीकाकरण केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ समीर सिंघई ने बताया कि 8 नवम्बर को जिले में वेक्सीनेशन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लिये निर्धारित 7 टीकाकरण केन्द्र में कोवैक्सीन तथा शेष 116 केन्द्रों में कोवीशील्ड टीके की पहली और दूसरी डोज के टीकाकरण के लिये विशेष कैम्प आयोजित होंगे। 8 नवम्बर के लिये जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिये निर्धारित सभी केन्द्रों में ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से टीकाकरण किया जायेगा। जिसमें नागरिक आधार कार्ड या अन्य कोई शासकीय फोटो पहचान पत्र के साथ केन्द्र में ही पंजीयन कराकर अपना वेक्सीनेशन करा सकते हैं। कोवीशील्ड वैक्सीन के पहले और दूसरे डोज के



वेक्सीनेशन के लिये कन्हवारा क्षेत्र में 10 केन्द्र चिन्हित किये गये हैं। जिसमे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवाराए उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन जुहला, पंचायत भवन हिरवारा, पंचायत भवन घंघरीकला, पंचायत भवन चाका, पंचायत भवन खंडौला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी, आंगनबाडी केन्द्र तखला, आंगनबाडी केन्द्र खजुरी शामिल है। बड़वारा क्षेत्र में चिन्हित 11 केन्द्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा में कोवैक्सीन के प्रथम और सेकेण्ड डोज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा, पंचायत भवन भजिया, पंचायत भवन मझगवां, पंचायत भवन अमाडी, पंचायत भवन बसाडी, पंचायत भवन परसेल, पंचायत भवन बिजौरी, पंचायत भवन रोहनिया, पंचायत भवन विलायतकला, पंचायत भवन महगवां शामिल है।

## बहोरीबंद में 30 और ढीमरखेड़ा में 39 केन्द्र चिन्हित

बहोरीबंद क्षेत्र में चिन्हित 30 केन्द्रों में पंचायत भवन बहोरीबंद में कोवैक्सीन के प्रथम एवं द्वितीय डोज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद, आगनवाडी केन्द्र जरुवाखेड़ा, आगनवाडी केन्द्र छपरी, आगनवाडी केन्द्र छुरिया, आगनवाडी केन्द्र बाकल, आगनवाडी केन्द्र रैपुरा, आगनवाडी केन्द्र खजरी, आगनवाडी केन्द्र सिहुंड़ी, आंगनबाडी केन्द पाकर, आंगनबाडी केन्द मनगवां, आंगनबाडी केन्द पथराड़ी पिपरिया, आंगनबाडी केन्द नयागांव, आंगनबाडी केन्द महंगवा, सामुदायिक स्वास्थ्य भवन बहोरीबंद, आंगनबाडी केन्द देवरी, आंगनबाडी केन्द बम्होरी, आंगनबाडी केन्द कजरवारा, आंगनबाडी केन्द बचैया, आंगनबाडी केन्द नि. पिपरिया, आंगनबाडी केन्द भटगवां, आंगनबाडी केन्द कछारगांव, आंगनबाडी केन्द देवरी, आंगनबाडी केन्द कौड़िया, आंगनबाडी केन्द तिहारी, आंगनबाडी केन्द स्लीमनाबाद, आंगनबाडी केन्द छपरा, आंगनबाडी केन्द भेड़ा, आंगनबाडी केन्द बंधी स्टेशन, आंगनबाडी केन्द उत्तमपुर, आंगनबाडी केन्द खम्हरिया शामिल है। इसी तरह ढीमरखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हित 39 केन्द्रों में सीएचसी उमरियापान में कोवैक्सीन और कोवीशील्ड टीके के प्रथम और द्वितीय डोज, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल उमरियानपान थाना के पास, धनवाही, धौरेश्वर, गाडा, पिपरिया सहलावन, सरसवाही, धरवारा, दुर्घटी पिपरिया, छिन्दाई पडरभटा, टिकरिया बनहरी, कछारगाव छोटा, झुनकी, पौड़ीकला बी, मड़ेरा, पिण्डरई, शाप्रास्वा. केन्द ढीमरखेडा, हरई, मूढीखेडा, भमका, जिर्री, शाप्रास्वा केन्द्र खमतराए मदनपुर, भदनपुर, खैरानी, मेर, महगवा, पिपरिया चाँद, सनकुई, विछिया, ग्राम आरोग्य केन्द्र बिजौरा, परसेल, शा. कन्या शाला स्कूल सिलौडी, कोसमघाट, मझगवां, पड़रिया, कजिंया, शाप्रास्वा केन्द्र कछारगांव बडा, बम्हौरी, किसग शामिल है।

## रीठी में 11 और विगढ़ में 14 केन्द्र

रीठी क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हित 11 केन्द्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी, पंचायत भवन बिलहरी, पंचायत भवन रैपुरा, पंचायत भवन बडागॉव, पंचायत भवन निटर्रा, पंचायत भवन रीठी, पंचायत भवन कनकी, पंचायत भवन पटौहा, पंचायत भवन तिलगवां, पंचायत भवन पिपरिया परौहा, पंचायत भवन बरहटा शामिल है। इसी तरह विजयराघवगढ़ क्षेत्र में चिन्हित 14 केन्द्रों में सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में कोवेक्सीन के फर्स्ट और सेकेण्ड डोज, के सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैमोर, पंचायत भवन अमेहटा, माध्यमिक शाला भवन डिघी, पंचायत भवन गोहावल, उपस्वास्थ केंद्र कारीतलाई, प्राथमिक शाला भवन देवराकला, पंचायत भवन सिजहरा, ग्राम पंचायत भवन ईटोरा, पंचायत भवन गैरतलाई, पंचायत भवन उबरा, पंचायत भवन पड़रेही, शाला भवन सिंगोड़ी शामिल है। कोवीशील्ड वैक्सीन के पहले और दूसरे डोज के लिये टीकाकरण किया जायेगा। बरही क्षेत्र में चिन्हित 18 केन्द्रों में मंगल भवन बरही, पंचायत भवन बगैहा, पंचायत भवन नदावन, मंगल भवन बरही, पंचायत भवन करौंदी खुर्द, पंचायत भवन कुआं, पंचायत भवन सलैया सिहोरा, पंचायत भवन खितौली में वैक्सीनेशन होगा।

## आचार्य कुलरत्न भूषण महाराज को आहार कराने का सौभाग्य मिला जैन परिवार को

**कटनी।** कटनी में चातुर्मास कर रहे आचार्य श्री 108 कुलरत्न भूषण जी महाराज को आहार कराने का सौभाग्य समाजसेवी कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का एवं उनके परिवार को मिला। विदित हो कि कटनी नगर में चातुर्मास कर रहे आचार्य श्री कुलरत्न भूषण जी महाराज



के आहार के लिए विगत चार दिनों से राकेश जैन कक्का एवं उनका परिवार चौका लगा रहे थे। कल उन्हें नवधा भक्ति का अवसर मिला। उनकी पत्नी आराधना जैन, पुत्र आदित्य जैन नमन, पुत्रवधु ईशा पूर्वी जैन सहित सैकड़ों जैन समाज के जोड़ी सहित कुमार कुमारियों ने आहार दिए। आहार के बाद आचार्य श्री जी ने बंगला जैन मंदिर में चन्द्रप्रभु भगवान के दर्शन किये। इसके उपरांत जैन धर्मशाला में पहुंचे, जहां पर भद्रगिरी मंदिर निर्माण के लिए आराधना राकेश जैन कक्का ने 18 हजार रुपये व पूर्वी आदित्य जैन ने 11 हजार 700 रुपये की राशि देकर मुनि श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। भद्र गिरी कर्नाटक में बन रहे भव्य मंदिर निर्माण के लिए पूर्वी जैन ने अपनी पूरी सैलरी 21 हजार रुपये की राशि दान की थी।

## दीपावली पर्व पर आनंदम स्थल में कलेक्टर ने जरुरतमंदों को वितरित की सामग्री

**कटनी।** दीपावली पर्व के उपलक्ष में राज्य आनंद संस्थान की अवधारणा के अनुरूप स्थापित है आनंदम स्थल सौगात घर, जिसके तहत गुरुवार को आनंद संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा शामिल हुये। इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने



जरूरतमंदों को दिवाली के पर्व पर मिष्ठान, फटाके, ड्राई फ्रूट्स के साथ आनंद संस्थान द्वारा तैयार की गई पूजन सामग्री का वितरण जरुरतमंदों को इसके साथ ही लगभग 20 जरूरतमंदों ने आनंदम स्थल से अपने पसंद के वस्त्र प्राप्त किए। इस अवसर पर आनंदम स्थल पर आयुक्त सत्येंद्र धाकरे, आदेश जैन, अनिल जयसवाल, मनीषा कांबले, स्मृति करपते एवं अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कैलवाराखुर्द में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान मेंए मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार, प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश, सचिव, दिनेश कुमार नोटिया के निर्देशन में ग्राम कैलवारा खुर्द में शनिवार को भारत की आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस



शिविर में पैरालीगल वालेंटियर मनीषा प्यासी ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलु हिंसा, बाल अपराध, नशा उन्मूलन, मीडिएशन एवं लोक अदालत से संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ग्राम कैलवारा खुर्द की सरपंच माधुरी पाठक, सहायक सचिव जयंती चक्रवर्ती, वेद प्रकाश शुक्ला, विजय शंकर कुशवाहा, श्रीकांत प्रजापति, मनीषा प्रजापति, रोहित, राजेश सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाने 8 नवम्बर से लगेंगे रोजगार कैम्प


**कटनी।** जिले के शिक्षित एवं बेरोजगारों को आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड अनूपपुर द्वारा जिले के समस्त विकासखण्डों में रोजगार कैम्प आयोजित किये जायेंगे। इन कैम्प के आयोजन को लेकर कैलेण्डर जारी किया गया है। जिसके अनुसार 8 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिले के अलग.अलग विकासखण्डों में यह कैम्प आयोजित होंगे। रोजगार कैम्प के आयोजन को लेकर सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने जिले की समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ तथा विकासखण्डों के विकासखण्ड प्रबंधक मध्यप्रदेश डे राज्य आजीविका मिशन को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जारी कैलेण्डर अनुसार विगढ़ विकासखण्ड में 8 नवम्बर को रोजगार कैम्प का आयोजन जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में होगा। इसी प्रकार 9 नवम्बर को रीठी जनपद पंचायतए 10 नवम्बर को बहोरीबंद जनपद पंचायत, 11 नवम्बर को ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत, 12 नवम्बर को कटनी जनपद पंचायत और 15 नवम्बर को बड़वारा जनपद पंचायत में किया जायेगा। रोजगार कैम्प के संबंध में अधिक जानकारी के लिये एसआईएस के भर्ती अधिकारी कुलदीप सोनकिया के मोबाईल नंबर 7509781949 तथा कमाण्डेण्ड अनीष तिवारी के मोबाईल नंबर 7677010259 पर संपर्क किया जा सकता है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340


आधार लाओ, उधार ले जाओ
BAJAJ FINSERV बजाज फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
0% ब्याज पर आसान किश्तों में मोबाइल उपलब्ध
Special Offer
धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर महा धमाका
लूट सको तो लूट लो... अब नगद की क्या जरुरत...
मात्र 3 दस्तावेज लायें
* आधार कार्ड * पेन कार्ड * बैंक पासबुक
SAMSUNG realme mi VIVO OPPO NOKIA
बजाज कस्टमर को 1रु. में मोबाइल उपलब्ध
पलक मोबाइल शॉप
चांडक चौक ढलान, आदर्श कॉलोनी तिराहा, कटनी, मो. 9301051222

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक

Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

नीरज सिनेप्लेक्स में


बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म
रोजाना 4 शो ता. 05 से
दोपहर 12, 3, 6 एवं रात्रि 8.30 बजे से
सूर्यवंशी
कलाकार-अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी


रोजाना 3 शो ता. 05 से दोपहर 11.45, 2.45, एवं 5.30 बजे से
ETERNALS (हिन्दी में)
कलाकार- जेमा चेन, रिचर्ड मेडन, डॉन ली, सलमा हयाक, लॉरेन रिडलॉफ आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, आ रही है पुलिस.......


रोजाना 5 शो ता. 05 से दोपहर 12.30, 3, 5.45, 8 एवं 8.30 बजे से
सूर्यवंशी
कलाकार- अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह, जैकी श्राफ, जावेद जाफरी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

### कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा)जिला कटनी (मप्र)
### पत्र क्रमांक 5364/खनिज/2021 कटनी, दिनांक 28/10/2021

मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/राजश्री मिनरल्स निवासी सुधारन्यास कालोनी विश्राम बाबा कटनी (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 26.10.2021 को प्रस्तुत किया गया है। सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | रीठी | रैपुरा | 846, 1142 | 3.860 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 3.860 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करनें हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

G-18858/21

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला कटनी

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।

Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल, कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन, तैयारियां को लेकर बैठक, कलेक्टर ने की समीक्षा

# स्टोन आर्ट फेस्टीवल : स्थानीय शिल्पकारों को भी बुलावा

**कटनी।** कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल में देशभर के शिल्पकार अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। उनके बीच हमारे स्थानीय शिल्पकारों को भी स्थान निर्धारित करें ताकि स्थानीय कला का भी प्रदर्शन हो सके। 20 दिवसीय फेस्टीवल के बीच में पड़ने वाले अवकाश के दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रमए फूड फेस्टीवल सहित अन्य गतिविधियां भी आयोजित करेंए जिससे लोगों को अधिक से अधिक जुड़ाव स्टोन फेस्टीवल से हो। 9 नवंबर से जागृति पार्क में आयोजित हो रहे कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल आधारशिला की तैयारी की समीक्षा करते हुए यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दिए।

उन्होंने कहा कि बिलहरी में स्थानीय कला पत्थर की मूर्तिकला से जुड़े हुए हैंए उनके लिए अलग से स्थान निर्धारित करें और जिससे उनको भी अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिले। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि स्टोन फेस्टीवल के दौरान 14 नवंबर को बाल दिवस है और इसके चलते कार्यक्रम स्थल में बच्चों को लेकर सांस्कृतिक व खेल से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करें। इसके अलावा फेस्टीवल के



उद्घाटन व समापन समारोह के दौरान भी सांस्कृतिक व लोक परंपराओं से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर मिश्रा ने बैठक में दिए। कलेक्टर ने स्टोन फेस्टीवल में आने वाले शिल्पकारों के आने-जाने सहित आवास आदि की व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर टेंट, प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्थल पर सारी व्यवस्थाएं 8 नवंबर से पहले पूरी कर लें और एक बार अधिकारी मौके पर जाकर सभी व्यवस्थाओं को देख लें ताकि आयोजन के बीच में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने स्टोन आर्ट फेस्टीवल को लेकर प्रचार.प्रसारए एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए स्थान चयन सहित अन्य गतिविधियों की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अंजली रमेश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व आयोजक व सह आयोजक समितियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।



## बरही के दो वार्डों में 24 घंटे पानी सप्लाई शुरू

**कटनी।** मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रयासों से कटनी जिले के वार्ड नम्बर 14 एवं 15 में चौबीस घंटे सातों दिन स्वच्छ पेयजल उचित दबाब के साथ आज सुबह से उपलब्ध करा दिया गया है। इन वार्डो के रहवासी कभी भी नल खोलकर जल प्राप्त कर सकेंगे। शीघ्र ही पूरे बरही नगर में भी चौबीस घंटे सातों दिन पानी की सप्लाई की जायेगी। बरही मध्यप्रदेश का पहला ऐसा नगर बनने जा रहा है जहाँ चौबीस घंटे सातों दिन पानी उपलब्ध रहेगा। बरही नगर में एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से जल प्रदाय परियोजना का कार्य पूरा गया है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रबंध संचालक निकुंज श्रीवास्तव के निर्देशानुसार कंपनी द्वारा समस्त जल प्रदाय परियोजनाओं में चौबीस घंटे सातों दिन जल प्रदाय करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तारतम्य में विगत दिनां कंपनी के मुख्य अभियंता विजय कुमार गुप्ता ने बरही का दौरा कर परियोजना का जायजा लिया था। यहां आम नागरिकों, महिलाओं एवं छात्रों को जल की अहमयित समझाने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन भी कराया गया था ताकि चोबीस घंटे पानी उपलब्ध होने पर पानी के अपव्यय को रोका जा सके। कंपनी के जबलपुर इकाई के परियोजना प्रबंधक श्री अनिल कुमार ने बताया कि बरही के 90 प्रतिशत घरों को नल कनेक्शन दे दिए गए है सभी घरों को नल कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कंपनी के जबलपुर इकाई के सहायक परियोजना प्रबंधक उन्मेष जैन एवं सामुदायिक विकास अधिकारी अपराजिता मिश्रा भी अन्य सहयोगियों के साथ लोगों को पानी का दुरूपयोग रोकने के प्रेरित कर रहे है।



## एक स्थान पर मिलेगी स्टोन पर उकेरी गई कलाकृतियां

### कलेक्टर ने बस स्टेण्ड में किया कृतिका कला केन्द्र का शुभारंभ

**कटनी।** एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत जिले के स्टोन व मार्बल को चुना गया है। स्टोन व मार्बल के साथ स्थानीय कारोबार को बढ़ावा देने लगातार जिला प्रशासन नवाचार कर रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम व ग्रामीण व शहरी आजीविका मिशन के संयुक्त प्रयास से स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्टोन की कलाकृतियों का एक स्थान पर उपलब्ध कराने प्रयास किया गया है। उत्पादों को उपलब्ध कराने के लिए बस स्टैंड में औषधालय के बगल में केन्द्र स्थापित किया गया हैए जिसमें स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्टोन आर्ट




विक्रय के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बस स्टेण्ड स्थित कृतिका कला केन्द्र का शुभारंभ किया। स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद एवं एक जिला एक उत्पाद के तहत कटनी स्टोन से निर्मित उत्पादों के विक्रय के लिये यह केन्द्र प्रारंभ किया गया है। जिसके माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों के लिये बाजार उपलब्ध होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जगदीश चन्द्रा गोमे, आयुक्त सतेन्द्र धाकरे मौजूद रहे। कलेक्टर ने बताया कि यह केन्द्र नगर निगम और ग्रामीण विकास विभाग के कन्वर्जेन्स के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। जिसके लिये नगर निगम द्वारा दुकान उपलब्ध कराई गई है। जिसे एनआरएलएम और एनयूएलएम को आवंटित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण तथा शहरी आजीविका मिशन से जुड़े स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये प्रोडक्ट्स को बाजार उपलब्ध कराना है। एक जिला एक उत्पाद के तहत जिले में सेंड स्टोन को लिया गया है। जिले में सेंड स्टोन के प्रॉडक्ट निर्माण से जुड़े स्वसहायता समूहों के द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों को कृतिका कला केन्द्र में विक्रय के लिये रखा गया है। सभी शहर वासियों से अपील करते हुये कलेक्टर ने कहा कि वोकल फॉर लोकल का नारा प्रधानमंत्री जी ने दिया है। निश्चित रुप से इस केन्द्र पर आयें और उपलब्ध प्रॉडक्ट्स को खरीदें और उन्हें प्रोत्साहन दें। केन्द्र के शुभारंभ के पश्चात कलेक्टर सहित अधिकारियों ने निरीक्षण कर विक्रय के लिये उपलब्ध उत्पादों की जानकारी ली। बस स्टैंड में कृतिका कला केन्द्र के शुभारंभ के अवसर पर पहुंचे जिला पंचायत सीईओ कलाकृतियां देखकर खुद को रोक नहीं पाए। स्व सहायता समूहों के माध्यम से पत्थर पर तैयार कलाकृतियां देखकर सीईओ ने मोबाइल निकाला और उन्हें कैमरे में कैद कर लिया।

## चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इंजीनियर परीक्षा दिसम्बर में

**कटनी।** मध्यप्रदेश अनुज्ञापन मण्डल विद्युत भोपाल द्वारा संचालित चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इंजीनियर परीक्षा माह दिसम्बर में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र एमपी ऑललाइन के यूआरएल पर उपलब्ध है। दिसम्बर में चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सेफ्टी इंजीनियर परीक्षा ऑनलाइन की जायेगी। चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सुरक्षा इंजीनियर के कार्यए उत्तरदायित्व और उसकी आवश्यकता की जानकारी के लिए केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण सुरक्षा और विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय विनियम 2010 के विनियम 5 अ में देखा जा सकता है।



## हर घर हो दीवाली : गांवों में वितरित की सामग्री

**कटनी।** हर घर दीवाली, इस थीम को लेकर जिले में आनंद विभाग द्वारा आनंदकों के सहयोग जरुरतमंदों के घरों में भी दीपावली का दीपोत्सव त्यौहार मनाने के लिये कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत उन घरों, जहां व्यवस्था व साधन के अभाव में लोग पर्व नहीं मना पा रहे हैं, उनके घरों भी त्यौहार पर सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस मंगलवार को आनंद विभाग द्वारा ग्राम हिरवारा, पिपरिया, सिमरा, मादो आदि ग्रामों में भी पहुंचकर किट प्रदान की गई। जिसमें पूजन की सम्पूर्ण सामग्री, मिठाईयां, पटाखे वितरित किये गये। इस दौरान वितरण कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर आनंद अनिल कांबले, बाल मुकुंद मिश्रा, मनीषा कांबले, सपना मिश्रा, रश्मि खरे, स्मृति करपते, आरती जाटव सहित विभा श्रीवास्तव, कल्पना खरे, रामानुज पांडे, शीला खरे, यूनिक आनंद क्लब एवं आनंदक साथियों ने सहयोग किया।

## पोर्टल पर दर्ज करना होगा लेखा एवं अन्य अभिलेखों की जानकारी

**कटनी।** जिले के समस्त प्रतिष्ठानों के खाद्य तेलों एवं तिलहनों के सभी रिफाईनर्स, सॉल्वेन्ट, एक्सट्रेक्टर, मिलर, थोक व्यापारियों तथा संग्रहण कर्ताओं को स्टॉक का लेखा एवं अन्य अभिलेखों की जानकारी नियमित रुप से भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार एवं प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन खाद्य द्वारा तेलों के भावों में वृद्धि के दृष्टिगत आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किये गये हैं। जिसके तहत इनके उत्पादनए आपूर्ति एवं वितरण में सम्मिलित रिफाईनरी, सॉल्वेन्ट एस्ट्रेक्टर, मिलर, थोक व्यापारियों तथा अन्य संग्रहणकर्ताओं को स्टॉक का लेखा एवं अन्य अभिलेखों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के लिये निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में जिले के समस्त संबंधित प्रतिष्ठानों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी किये गये हैं।

## सोल्जर जीडी के लिए भर्ती 22 नवम्बर को

**कटनी।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कल्याण संयोजक ने बताया कि मुख्यालय 2 सिग्नल ट्रेनिंग सेन्टर में 6 टीटीआर पोंडा गोवा द्वारा 22 नवम्बर को सोल्जर जीडी के लिये भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती अभियान में जिले के कार्यरत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की विधवाओं व उनके बच्चेए कार्यरत सैनिकों के सगे भाई शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के दूभाष नंबर 07622-223144 एवं 0832-2226246 से 49 पर संपर्क किया जा सकता है।



## तिलक कॉलेज में पाठ्यक्रम के चयन के लिए गूगल मीट

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वर्चुअल कक्ष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में वैकल्पिक विषय एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के चयन के संदर्भ में गूगल मीट द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से संबंधित चयन प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाये, क्योंकि 8 नवंबर से 20 नवंबर तक छात्रों के द्वारा विषय परिवर्तन एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम का चयन किया जाना है और इसके साथ ही महाविद्यालय में टी.सी. रिपोर्टिंग भी करनी है। छात्र अपने स्तर पर लॉगइन आईडी से विषय परिवर्तित कर सकते हैं, परन्तु एक बार च्वाईस लॉक हो जाने पर परिवर्तन होने की संभावना नहीं रहेगी। छात्र विचार विमर्श करके ही अपने विषयों का चयन करेंगे।

# दीपावली पर्व पर बच्चों को दी पोषण किट

### शहरी परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र में एडीजे ने बांटी किट





**कटनी।** कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने राज्य सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से लगातार योजनाएं चला रही है। जिले में भी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर विभागीय टीम कुपोषित बच्चों को पोषण आहार पहुंचाने और उन्हें सुपोषित की श्रेणी में लाने काम कर रही है। दीपावली पर्व पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में तीन.तीन सेम व मेम बच्चों को मिष्ठान के साथ पोषण किट प्रदान की गई। शहरी परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 155 में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एडीजे अभिषेक सिंह व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार नोटिया व न्यायाधीश अभिषेक सिंह मौजूद रहे। अतिथियों ने तीन बच्चों व उनकी माताओं को मिष्ठान के साथ पोषण किट भेंट की। साथ ही बच्चों की माताओं को पोषण को लेकर जागरूक करते हुए दीपावली पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान सहायक संचालक वनश्री कुर्वेती सहित अन्य अधिकारीए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए सहायिका मौजूद थीं। वहीं बहोरीबंद जनपद पंचायत के पटना रोड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम संघमित्रा गौतम शामिल हुई और बच्चों व उनकी माताओं को पोषण किट प्रदान की।

## जिले में 175 सेमए 543 मेम बच्चों को भेंट की गई किट

दीपावली पर्व पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों में परियोजना अधिकारी व पर्यवेक्षकों ने पहुंचकर किट का वितरण कर पर्व की शुभकामनाएं दीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि जिलेभर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान 175 सेम व 543 मेम बच्चों को केन्द्रों में मिष्ठान व पोषण किट का वितरण किया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत
कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

## जिले के 6 मॉडल स्कूल चिन्हित, बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा देने का दावा

# सीएम राइज स्कूल में क्वालीफाइड टीचर्स पढ़ाएंगे स्टुडेंट्स को

**कटनी।** बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सीएम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं। 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के बच्चों को कक्षा पहली से लेकर कक्षा बारहवीं तक एक ही स्कूल में बेहतर शिक्षा देने की योजना पर काम किया जा रहा है। जिले के 6 मॉडल स्कूल मॉडल झिंझरी, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, बड़वारा, विजयराघवगढ़, रीठी सहित कटनी जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हॉयर सेकंडरी स्कूल कन्हवारा को सीएम राइज स्कूल में मर्ज किया जा रहा है।

इन स्कूलों में सीबीएसई और आइसीएसई बोर्ड के मुकाबले शिक्षा देने का दावा किया जा रहा है। जिला स्तर पर संपूर्ण जानकारी शिक्षा विभाग द्वारा शासन-प्रशासन को भेज दी गई है। इस योजना के तहत प्रथम वर्ष लगभग 3 हजार बच्चों को प्रवेश दिलाना है। इस स्कूलों के लिए शिक्षकों के चयन के लिए आज परीक्षा भी आयोजित की गई थी, जिसे स्थगित कर दिया गया है। अब यह परीक्षा 21 नवंबर को होगी। शिक्षा विभाग द्वारा सीएम राइज योजना के तहत खोले जाने स्कूलों के लिए बच्चों की जानकारी जुटाई गई है। किन-किन गांवों के बच्चे इन स्कूलों में पहुंच सकेंगे, इसकी मैपिंग की गई है। इस योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2020-21 से ही पहल शुरू कर दी गई थी। मॉडल स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक प्रवेश देने कवायद की गई। अब सीएम राइज स्कूल के लिए बिल्डिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर की बेहद आवश्यकता है, इसके लिए इंजीनियरों से प्लान तैयार कराया जा रहा है। इन स्कूलों में हायर सेकंडरी तक की पढ़ाई हिंदी और इंग्लिश माध्यम से होगी। एक स्कूल पर लगभग 20 करोड़ रुपए खर्च किया जाना है। सीएम राइज स्कूलों में स्विमिंग पुल से लेकर सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद होंगी। इन स्कूलों में छात्रों को घर से ले आने के लिए बस आदि भी मुहैया कराई जाएगी। सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए नर्सरी से केजी-1 व केजी-2 जैसे तीन सीखने के प्लेट फार्म तैयार होने से उनकी दक्षता की नींव मजबूत होगी। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों के नक्शे तैयार कराए जा रहे हैं।



### अब 21 नवंबर को होगी चयन परीक्षा

मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा सीएम राइज स्कूल शिक्षकों हेतु चयन परीक्षा 2021 का आयोजन आज 7 नवंबर को किया गया था लेकिन कल शाम को ऐन वक्त पर परीक्षा के आयोजन को स्थगित करते हुए इसे आगे बढ़ा दिया गया। अब यह परीक्षा 21 नवंबर को रविवार को प्रदेश स्तर पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी। विषयांकित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के रासा, डॉकेट एवं चेक लिस्ट मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की बेवसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। इसे डाउनलोड करें ताकि परीक्षार्थियों के डाटा में हुई त्रुटियों से अवगत हो सके।

### सीएम राइज स्कूल की मुख्य विशेषताएं

1. अच्छी अधोसंरचना।
2. हर विद्यार्थी के लिए परिवहन।
3. नर्सरी, केजी कक्षाएं भी होंगी।
4. शत प्रतिशत शिक्षक।
5. स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल लर्निंग।
6. प्रयोगशालाएं एवं पुस्तकालय।
7. व्यावसायिक शिक्षा का लाभ।
8. अभिभावकों की सहभागिता।



## पुलिस की तत्परता से चोरी गई बाइक चंद घंटों में बरामद

**कटनी/रीठी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम पौड़ी से दीपावली की रात मकान के सामने से चोरी गई मोटर सायकल को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी के अनुसार ग्राम पौड़ी निवासी खाली स्थान के मकान के सामने खड़ी मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमएन-3551 को अज्ञात बदमाशों ने 4 अक्टूबर दीपावली की रात पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई। बताया जाता है कि पुलिस ने संदेह के आधार पर गांव के ही 19 वर्षीय ललित पिता महेंद्र चौधरी नामक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने गांव के ही 40 वर्षीय राजेश पिता चुन्नू आदिवासी के साथ मिलकर मोटर सायकन चोरी करना स्वीकार कर लिया। जिसके बाद दोनों की निशानदेही पर चोरी की गई मोटर सायकल बरामद कर ली गई। कार्रवाई में रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक रमाकांत दुबे, नरेंद्र सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक राजकुमार शर्मा, भोला गुप्ता की भूमिका रही।

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

# पुलिस की पकड़ से दूर रहे बड़े जुआ फड़



### छोटे जुआफड़ों में कार्रवाई कर दुरूस्त किए आंकड़े

कटनी। वैसे तो जुआ खेलने के शौकीन साल भर बिसात बिछाकर यहां वहां बैठते हैं लेकिन दीपावली पर्व के दौरान जुआफड़ों की तादाद बढ़ जाती है। पुलिस को चकमा देकर जुआरी जगह-जगह हार जीत के दांव लगाते रहते हैं। पुलिस की मुखबिरों की सूचना पर जुआफड़ों तक पहुंचती है और कार्रवाई करती है। इस बार भी ऐसा भी हुआ लेकिन पुलिस के हाथ छोटे जुआफड़ों तक ही पहुंच सके जबकि बड़े जुआपड़ पुलिस की पहुंच पकड़ से दूर रहे।

कुल मिलाकर छोटे जुआ फड़ों में कार्रवाई कर पुलिस ने दीपावली पर्व में अपने आंकड़े दुरूस्त किए। जुआफड़ों में कार्रवाई के संबंध में पुलिस के द्वारा जारी किए गए प्रेसनोट के अनुसार दीपावली पर्व के दौरान कुठला पुलिस ने छुट-पुट आधा दर्जन जुआ फड़ों में दबिश देकर कुछ जुआरियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। जिसमें चाका बायपास नर्सरी के पीछे बृजेश पिता काछीलाल परौहा, पवन पिता रामचन्द्र मिश्रा, बालगोविंद पिता भूरा पाठक, कमलकांत पिता राजू चौधरी के कब्जे से 1470 रूपये नगद एवं 52 तास पत्ते जप्त किये गये। इसी प्रकार चाका बायपास मार्ग पर मिथलेश की होटल के पीछे मोनू निषाद, अजय यादव, संजय यादव, विपिन मालविय के कब्जे से 2630 रूपये नगद एवं 52 तास पत्ते जप्त किये गये। वहीं गाटरघाट पुलिया के पास विमलेश खटीक, मनोज जायसवाल, विशाल ताम्रकार के कब्जे से 2250 रूपये नगद एवं 52 तास पत्ते जप्त किये गये। इसी तरह कैलवारा फाटक काली मंदिर के पास अनुराग गुप्ता, ईबरार पिता सैयद अली, राकेश गुप्ता के कब्जे से 1700 रूपये नगद एवं 52 तास पत्ते जप्त किये गये। वहीं डीएव्ही स्कूल के पीछे पुरैनी सिनोज कोल, विनोद साहू, सुनील पिता बैजनाथ निषाद के कब्जे से 1900 रूपये नगद एवं 52 तास पत्ते जप्त किये गये। पुरैनी में ही एक अन्य स्थान पर दबिश देकर पुलिस ने विनोद कुमार पिता रामसेवक सौंधिया, गोलू पिता पन्नालाल निषाद, अभिषेक पिता भग्गू कोल को जुआ खेलते पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 2100 रूपये नगद एवं 52 तास पत्ते जप्त किये गये। जुआफड़ों में कार्रवाई के दौरान कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह के निर्देशन में बस स्टेंड चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत, उपनिरीक्षक किशोर कुमार द्विवेदी, सहायक उपनिरीक्षक संदीप बाल्मिक, तिरथ टेकाम, ईश्वरदास बागरी, प्रहलाद पैकरा, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र पटेल, राहुल सिंह, दिवाकर ओझा, बृजनंदन सिंह, लेखपाल सिंह, संदेश परतेती, आरक्षक मोहन मण्डलोई, शिवप्रकाश तिवारी, मनु त्रिपाठी, आकाश राय भूमिका रही है।

### 5 जुआफड़ों तक पहुंची रीठी पुलिस

रीठी पुलिस द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर क्षेत्र में चल रहे जुआ फड़ो पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। जुआ एक्ट के तहत पांच प्रकरण कायम कर कार्यवाही की गई है। जुआफड़ों में कार्रवाई करने में रीठी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक के एल कुशवाहा, बाल गोविंद प्रजापति, नरेंद्र सिंह बघेल, रमाकांत दुबे, प्रधान आरक्षक भोले शंकर, जयचंद, भोला गुप्ता की भूमिका रही।

समर्थ
SAMARTH MARBLE AND GRANITE
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी
मो. 9425153498, 7067666668

## बिना पंजीयन खाद्य पदार्थ का विक्रय करने पर अर्थदण्ड

**कटनी।** खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 में दिये गये प्रावधानों के तहत सौखीलाल यादव निवासी ग्राम कुठलगांवए पोस्ट अमदरा तहसील मैहर जिला सतना को 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। इस संबंध में न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने आदेश जारी किया है। अशोक यादव द्वारा अवमानक खाद्य पदार्थ गाय तथा भैंस का मिश्रित दूध का विक्रय बिना खाद्य पंजीयन धारण किये खाद्य कारोबार का संचालन करने पर यह कार्रवाई की गई है। जारी आदेश के तहत संबंधित को 30 दिवस के भीतर अर्थदण्ड की राशि ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा करने के निर्देश दिये गये हैं।

## कृषि स्थाई समिति की बैठक 9 नवम्बर को

**कटनी।** सचिव कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत ने बताया कि जिला पंचायत की कृषि स्थाई समिति की बैठक 9 नवम्बर को आयोजित होगी। बैठक का आयोजन दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में होगा। बैठक में समिति के पदाधिकारियों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेखा छावडा पत्नी कैलाश छावडा, श्रीमती नेहा छावडा पत्नी सतीश छावडा एवं श्रीमती रानी छावडा पत्नी पूरनलाल छावडा के द्वारा मोजा टिकुरी अमर शहीद हेमुकलानी वार्ड प.ह.नं.42, बंदोबस्त नं0.188 में स्थित भूमि 1800 वर्गफुट -0.016 आरे विक्रेता उधवदास केसरवानी वल्द झामनदास केशावापी से पंजीयन दिनांक 29/12/2014 पंजीयन क्रमांक-5557 जो कि उपपंजीयक कार्यालय में पंजीकृत है के माध्यम से संयुक्त रूप से क्रय किया था, जिसकी मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है, ऐसा उक्त भूस्वमियों द्वारा बताया जा रहा है। उक्त संपत्ति के दस्तावेज एयू स्माल फाईनेन्स बैंक कटनी द्वारा ऋण लेने हेतु सर्च बावत प्राप्त हुई है।

अतः वित्तीय संस्था/प्राइवेट बैंकों/राष्ट्रीयकृत बैंकों से आग्रह कि यदि उक्त मूल रजिस्ट्री किसी संस्था में बंधक है या उस पर किसी प्रकार का चार्ज हैं एवं आम जनता से निवेदन है कि यदि किसी को उक्त रजिस्ट्री मिली हो या उक्त संपत्ति पर किसी का कोई वैधानिक हित निहित हो/किसी को कोई एतराज हो, वह एक सप्ताह के अन्दर मुझे निम्न पते पर या मोबाईल नंबर पर सूचित करे या मिले।

**अरूण द्विवेदी, एडवोकेट**
**पता : आजाद चौक, कटनी, गाटरघाट रोड**
**तहसील जिला, कटनी मो. नं. 7999509494, 9993110291**

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री LIFESTYLE
कोट सूट।।शेरवानी।।इंडो वेस्टर्न।।ब्लेजर।।कुर्ता जैकेट
MUFTI BLACKBERRYS OCTAVE KILLER
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501

दुनिया का नं.1 ब्रांड
SAMSUNG
UPSIZE NOW
UP To 22.5% Additinal Cash Back
0% Finance Scheme
Exchange Offer
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा
सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847

दीपोत्सव पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
चेतन हिन्दूजा
महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी कटनी

CITY Mall
Have a Great Festival Season
Shubh Deepawali
BIG BAZAAR, Reliance digital, TRENDS, PLANET FASHION, U TURN, BOLSA, GALAXY GAME ZONE, City PRIDE, Food Junction The Food Court, MERIDIAN, FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant, GRAVITY The Pub
Near Main Railway Station, KATNI (M.P.)
Tel : 07622 422408 email : citymallkatni@gmail.com

दीपोत्सव पर आप भी निखारिए अपना रूप
OSAM Beauty Parlour
स्पेशल ऑफर 28 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक
299 रू. क्लीनप, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड, सिम्पल हेयर कट फ्री
499 रू. फ्रूट फेशियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड (मेनीक्योर फ्री)
899 रू. गोल्ड, डायमंड फेसियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, लैग वैक्स फुल, अन्डर आर्म्स, मेनीक्योर, पेडीक्योर, हेयर आयल मसाज आइब्रो फोरहैड (1 क्लीनअप फ्री)
599 रू. लोटस फेसियल, ब्लीच, हैनड वैक्स, हाफ लैग वैक्स, अडर आर्म्स, आइब्रो फोरहैड, हेयर कट (पेडीक्योर फ्री)
दुल्हन मेकप 1 माह पहले से बुकिंग करने पर 1000 रू. की छूट
Beauty Expert- K.M., Mob-8305072898
पता- पोस्ट ऑफिस गली, रघुनाथगंज कटनी

SUZUKI Way of Life!
ALL NEW SUZUKI ACCESS 125
Kam peeta hai
कम... पीता है
अधिकृत विक्रेता- ओम ऑटोमोबाइल्स
जबलपुर रोड, बरगवां कटनी, फोन-07622-220527
त्यौहारों के इस मौसम में अनेक आकर्षक रंगों में उपलब्ध

सिर्फ नाम ही काफी है.....
कजारिया
भारत की नंबर 1 टाइल्स कंपनी
पता- कजारिया टाइल्स शोरूम एल.आई.सी. के सामने सेल्फी पॉइंट के पास बरगवां, कटनी मो. 9755044511
Kajaria
सिटी आफिस- जनता ट्रेडर्स सुभाष चौक जयदयाल रोड कटनी
मो. 9893562711 फोन नं. 07622- 356475

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)